-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

ॐ माँ क्रीं

विपरीतप्रत्यङ्गिरास्तोत्रसमन्वितम्

प्रत्यङ्गिरास्तोत्रम्

हिन्दीटीकासहितम्

SCANNED

सम्पादक :
आचार्य पण्डित शिवदत्तमिश्र शास्त्री

शिव संस्कृत संस्थान, वाराणसी

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

n Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

संस्कृतसेवाधर्मग्रन्थमाला–१५

विपरीतप्रत्यङ्गिरास्तोत्रसमन्वितम्

प्रत्यङ्गिरास्तोत्रम्

(हिन्दीटीकासहितम्)

अनुवादक तथा सम्पादक :

स्व. आचार्य पण्डित शिवदत्तमिश्र शास्त्री

व्याकरणाचार्य–साहित्यवारिधि–तन्त्ररत्नाकर

शिव संस्कृत संस्थान, वाराणसी

SCANNED

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

प्रकाशक :
शिव संस्कृत संस्थान
(प्राचीन भारतीय साहित्य एवं संस्कृति के प्रकाशक तथा वितरक)
कमलानगर (रमरेपुर), पाण्डेयपुर, वाराणसी

अन्य प्राप्ति स्थान :
विश्वभारती संस्कृत संस्थान
(सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय पूर्वी गेट के सामने)
जगतगंज, वाराणसी

सम्पर्कसूत्र : ९४५०५४०१३५

© प्रकाशक

संशोधित परिवर्धित संस्करण २०१० ई.

मूल्य : २५.०० (पच्चीस रुपये)

अक्षर संयोजन :
राज ग्राफिक्स, नाटी इमली, वाराणसी
मोबाइल : ९९३५६८५४२८

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

दो शब्द

प्रस्तुत प्रत्यङ्गिरा स्तोत्र का पाठ एवं मन्त्र-जपादि का अनुष्ठान शत्रुओं द्वारा किये गये अभिचारों (यन्त्र-मन्त्र आदि कृत्यों) को नष्ट करने में सर्वथा उपयोगी एवं महत्त्वपूर्ण है। प्रायः बहुत से विद्वान् इस स्तोत्र का प्रतिदिन पाठ अपने और यजमान के लिए भी करके लाभान्वित होते हैं। इससे यह स्तोत्र बहुचर्चित तथा अनुभूत है।

इसमें प्रत्यङ्गिरा पूजन यन्त्र, जो अब तक अप्राप्त था और साथ में विपरीत-प्रत्यङ्गिरा स्तोत्र भी दे देने से यह संस्करण अत्यधिक उपयोगी सिद्ध हुआ है।

प्रस्तुत अभिनव संस्करण हिन्दी टीका सहित सर्वथा विशुद्ध निकालने के लिए हमारे चिरकालिक हार्दिक इच्छा का ही सुफल परिणाम है कि यह पुस्तक आपके हाथों में प्रस्तुत है।

आशा है, प्रस्तुत पुस्तक का यह अभिनव संस्करण सर्व-साधारण पाठकों के लिए भी विशेष उपयोगी एवं लाभप्रद सिद्ध होगा।

मकरसंक्रान्ति
१४ जनवरी, १९९६

—ओमप्रकाश मिश्र शास्त्री

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

प्रभावशाली
तान्त्रिक प्रत्यङ्गिरा यन्त्र

॥ श्री प्रत्यङ्गिरायन्त्रम् ॥



Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

ॐ मां क्रीं

श्रीगणेशाय नमः

श्रीप्रत्यङ्गिरास्तोत्रम्

हिन्दीटीकासहितम्

विनियोगः— ॐ अस्य श्रीप्रत्यङ्गिरास्तोत्रमन्त्रस्य वामदेव ऋषिः, अनुष्टुप्छन्दः, प्रत्यङ्गिरा देवता, ह्रीं बीजम्, हूं शक्तिः, क्लीं कीलकम्, ममाऽभीष्ट-सिद्ध्यर्थे जपे (पाठे च) विनियोगः ।

प्रणम्य भारतीं भक्त्या विष्णुं भानुं गणेश्वरम् ।
साम्बं सदाशिवं चैव मातरं पितरं तथा ।।
सन्तशरणस्य पुत्रः 'शिवदत्ता'भिधानकः ।
प्रत्यङ्गिराऽऽख्यतन्त्रस्य भाषाटीकां तनोम्यहम् ।।

विनियोग–दाहिने हाथ में जल लेकर, '**ॐ अस्य श्रीप्रत्यङ्गिरास्तोत्रमन्त्रस्य०**' से '**ममाऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे (पाठे च) विनियोगः**' तक पढ़कर जलको किसी पात्र में छोड़ दें ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

करन्यासः— ॐ ऐं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः । ॐ ह्रीं तर्जनीभ्यां नमः । ॐ श्रीं मध्यमाभ्यां नमः । ॐ प्रत्यङ्गिरे अनामिकाभ्यां नमः । ॐ मम रक्ष-रक्ष कनिष्ठिकाभ्यां नमः । ॐ मम शत्रूणां भक्ष-भक्ष करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः ।

करन्यास– '**ॐ ऐं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः**' से दोनों अँगूठे का स्पर्श करे। '**ॐ ह्रीं तर्जनीभ्यां नमः**' से दोनों अँगूठे की बगलवाली अँगुली को छुए। '**ॐ श्रीं मध्यमाभ्यां नमः**' पढ़कर बीच की अँगुली का स्पर्श करें। '**ॐ प्रत्यङ्गिरे अनामिकाभ्यां नमः**' कहकर बीच की अँगुली के बगलवाली अँगुली का स्पर्श करें। '**ॐ मम रक्ष-रक्ष कनिष्ठिकाभ्यां नमः**' से कानी अँगुली का स्पर्श करें। '**ॐ मम शत्रूणां भक्ष-भक्ष करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः**' पढ़कर दोनों हाथों की हथेलियों एवं उनके पृष्ठ भागों का स्पर्श करना चाहिए।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

n Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-

हृदयादिन्यासः— **ॐ ऐं हृदयाय नमः । ॐ ह्रीं शिरसे स्वाहा । ॐ श्रीं शिखायै वषट् । ॐ प्रत्यङ्गिरे कवचायं हुम् । ॐ मम रक्ष-रक्ष नेत्रत्रयाय वौषट् । ॐ मम शत्रूणां भक्ष-भक्ष अस्त्राय फट् ।**

दिग्बन्धनम्— **ॐ ॐ भूर्भुवः स्वः, इति ।**

हृदयादिन्यास– '**ॐ ऐं हृदयाय नमः**' से हृदय का स्पर्श करें । '**ॐ ह्रीं शिरसे स्वाहा**' से सिर को छुए । '**ॐ श्रीं शिखायै वषट्**' से शिखा का स्पर्श करें । '**ॐ प्रत्यङ्गिरे कवचाय हुम्**' से दोनों हाथों की भुजाओं का स्पर्श करें । '**ॐ मम रक्ष-रक्ष नेत्रत्रयाय वौषट**' पढ़कर दोनों नेत्रों का स्पर्श करें । '**ॐ मम शत्रूणां भक्ष-भक्ष अस्त्राय फट्**' से दाहिने हाथ की तर्जनी एवं मध्यमा अँगुली से बाँयें हाथ से ताली बजाना चाहिए ।

दिग्बन्धन– '**ॐ भूर्भुवः स्वः**' मन्त्र पढ़कर सभी दिशाओं में चुटकी बजा दें ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

n Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-

प्रत्यङ्गिरा-मन्त्रः— **ॐ ऐं ह्रीं श्रीं प्रत्यङ्गिरे मम रक्ष-रक्ष मम शत्रूणां भक्ष-भक्ष स्वाहा ।**

प्रत्यङ्गिरा-ध्यानम्

टङ्कं कपालं डमरुं त्रिशूलं
सम्बिभ्रतीं चन्द्रकलावतंसा ।
पिङ्गोर्ध्वकेशा-ऽसित-भीमदंष्ट्रा
भूयाद् विभूत्यै मम भद्रकाली ।।

मन्त्र– 'ॐ ऐं ह्रीं श्रीं प्रत्यङ्गिरे मम रक्ष-रक्ष मम शत्रूणां भक्ष-भक्ष स्वाहा ।' यह भगवती प्रत्यङ्गिरा देवी के जप का मन्त्र है ।

ध्यान– अपने हाथों में तलवार, नृकपाल (नरमुण्ड), डमरू और त्रिशूल तथा मस्तक पर चन्द्रकला धारण करने वाली, जिस भद्रकाली के पीले-पीले तथा ऊपर की ओर

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

मन्दरस्थं सुखासीनं भगवन्तं महेश्वरम् ।
समुपागम्य चरणैः पार्वती परिपृच्छति ।।१।।

देव्युवाच

धारणीया महाविद्या प्रत्यङ्गिरा शुभोदया ।
नर-नारी-हितार्थाय बालानां रक्षणाय च ।।२।।

उठे हुए केश एवं काले-काले तथा भायनक दाँत हैं, वह भद्रकाली हमारी रक्षा करें।

मन्दराचल पर सुखपूर्वक बैठे हुए भगवान् महेश्वर के सन्निकट भगवती पार्वती ने पैदल जाकर उनसे प्रश्न किया ।।१।।

देवी ने कहा— हे महेश्वर ! समस्त स्त्री-पुरुषों के हित के लिए तथा बालकों की रक्षा के लिए शुभ फल देने वाली महाविद्या प्रत्यङ्गिरा ही सबको धारण करना चाहिए। हे महेश्वर ! यह प्रत्यङ्गिरा महाविद्या माण्डलिक

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

राज्ञां माण्डलिकानां च दीनानां च महेश्वर! ।
विदुषां च द्विजातीनां विशेषेणाऽर्थसाधिनी ।।३।।
महाभयेषु घोरेषु विद्युदग्निभयेषु च ।
व्याघ्र-दंष्ट्रा-कराघाते नदी-नद-समुद्रगे ।।४।।
श्मशाने दुर्गमे घोरे सङ्ग्रामे शत्रुसङ्कटे ।
अभिचारेषु सर्वेषु रणे राजकुलेषु च ।।५।।

(सम्राट्) राजाओं, दीनजनों तथा विद्वानों का एवं द्विजातिमात्र का विशेष रूप से मनोरथ सिद्ध करती हैं ।।२-३।।

भयङ्कर-से-भयङ्कर महाभय उपस्थित होने पर, बिजली एवं अग्नि के द्वारा भय उपस्थित होने पर, व्याघ्र के द्वारा आक्रमण की स्थिति में, नदी, नद, समुद्र, श्मशान, दुर्गम स्थान एवं शत्रु द्वारा घोर संग्राम के सङ्कट की स्थिति में मारणादि अभिचार में, सभी प्रकार के संग्राम

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

धारिता पाठिता देवि ! समीहित-फलप्रदा ।
पाठितासाधकेन्द्रेण कारयेत् स्वान् मनोरथान् ।।६।।
सौभाग्यजननीं नित्यं नृणां वश्यकरीं तथा ।
तां सुविद्यां सुरश्रेष्ठ ! कथयस्व मयि प्रभो ! ।।७।।

भैरव उवाच

साधु साधु महाभागे ! जन्तूनां हितकारिणि ! ।
त्वद्वाक्येन सुरारिघ्ने ! कथयामि न संशयः ।।८।।

एवं राजकुलों द्वारा आपत्ति की स्थिति उत्पन्न होने पर इस विद्या के धारण तथा पाठ करने से साधक के सभी मनोरथ पूर्ण हो जाते हैं। हे प्रभो ! हे महेश्वर ! समस्त सौभाग्य प्रदान करने वाली, सभी लोगों को वश में करने वाली उस महाविद्या को मुझे बताइए ? ।।४-७।।

भैरव बोले– हे समस्त जगत् का हित करने वाली, हे महाभागे पार्वति ! तुम्हें शतशः साधुवाद है, जो इस प्रकार

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

देवी प्रत्यङ्गिरा विद्या सर्वग्रहनिवारिणी ।
मर्दिनी सर्वदुष्टानां सर्वपापप्रणाशिनी ।।९।।
सौभाग्यजननी देवी बलपुष्टिकरी तथा ।
चतुष्पथेषु घोरेषु वनेषु पवनेषु च ।।१०।।
राजद्वारेषु दुर्भिक्षे महाभय उपस्थिते ।
पठिता पाठिता विद्या सर्वसिद्धिकरी स्मृता ।।११।।

का प्रश्न किया है। हे दैत्यनिषूदिनि ! तुम्हारे प्रश्न करने पर मैं उस महाविद्या के विषय में कहता हूँ ।।८।।

यह महाविद्या प्रत्यङ्गिरा देवी सभी ग्रह-बाधाओं को दूर करने वाली हैं, समस्त दुष्टों का मर्दन करने वाली तथा सारे पापों को विनष्ट करने वाली हैं ।।९।।

मनुष्यों को समस्त सौभाग्य प्रदान करती और पुष्टि देती हैं। चतुष्पथ में, घोर अरण्य में, महाभयानक तूफान में, राज़द्वार एवं दुर्भिक्ष आदि महाभय के उपस्थित होने पर इस महाविद्या के स्वयं पाठ करने तथा अन्यों से पाठ कराने से सारी सिद्धियों का लाभ होता है ।।१०-११।।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

लिखित्वा च करे कण्ठे बाहौ शिरसि धारयेत् ।
मुच्यते सर्वपापेभ्यो मृत्युं नास्ति कदाचन ।।१२।।
धारयेद्योगयुक्तो यस्तस्य रक्षा भवेद् ध्रुवम् ।
धारिता वाऽर्चिता विद्या प्रत्यङ्गिरा शुभोदिता ।।१३।।
गृहे चैवाऽष्टसिद्धिश्च देव-राक्षस-पन्नगाः ।
त तस्य पीडां कुर्वन्ति ये चाऽन्ये पीडकग्रहाः ।।१४।।

इस विद्या के मन्त्र एवं यन्त्र को लिखकर बाहु, हाथ, कण्ठ तथा शिर पर धारण करने वाला मनुष्य सभी पापों से मुक्त हो जाता है और कभी भी उसकी अकाल मृत्यु नहीं होती। योग करने वाला व्यक्ति यदि इस महाविद्या के यन्त्र तथा मन्त्र को धारण करे तो निश्चय ही उसके योग में विघ्न नहीं होते और उसकी रक्षा होती है। यह महाविद्या प्रत्यङ्गिरा धारण करने तथा अर्चन-पूजन करने से शुभ फल देने वाली कही गई हैं ।।१२-१३।।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

विद्यानामुत्तमा विद्या पठिता वाऽर्चिता सदा ।
यस्याऽङ्गस्था महाविद्या प्रत्यङ्गिरा सुभाषिता ।।१५।।
सिद्धा सुसिद्धिदा नित्या विद्येयं परमा स्मृता ।
श्रीमता घोररूपेण भाषिता घोररूपिणी ।।१६।।

उस साधक के घर में आठों सिद्धियाँ स्वयं आ जाती हैं एवं देवता, राक्षस और सर्पादि दुष्ट जन्तु तथा अन्य प्रकार के पीड़ा कारक ग्रह उसको पीड़ित नहीं करते ॥१४॥

यह प्रत्यङ्गिरा महाविद्या सभी महाविद्याओं में श्रेष्ठ हैं। इन्हें प्रत्यङ्गिरा इसलिए कहते हैं कि, पाठ करने तथा अर्चन-पूजन करने से यह साधक के प्रत्येक अङ्ग में स्थित हो जाती हैं ॥१५॥

यह स्वयं सिद्ध हैं, साधक को सिद्धि देती हैं, नित्य तथा सर्वश्रेष्ठ महाविद्या हैं ऐसा कहा गया है। घोर रूप धारण कर मैंने ही इनका व्याख्यान किया है, इसलिए यह भी सर्वथा निष्पाप एवं पवित्र हैं। यह शत्रुओं को विनष्ट

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gra

प्रत्यङ्गिरा मया प्रोक्ता रिपून् हन्यान्न संशयः ।
हरिचन्दनमिश्रेण गोरोचन-कुङ्कुमेन च ।।१७।।
लिखित्वा भूर्जपत्रेषु धारणीया सदा नृभिः ।
पुष्प-धूपै-र्विचित्रैश्च बल्युपहारपूजनैः ।।१८।।
पूजयित्वा यथान्यायं शान्तकुम्भेन वेष्टयेत् ।
धारयेद्य इमां विद्यां निश्चितां रिपुनाशिनीम् ।।१९।।
विलयं यान्ति रिपवः प्रत्यङ्गिरा-विधानतः ।
यद्यत् स्पृशति हस्तेन यद्यत् खादति जिह्वया ।।२०।।

कर देती हैं, इसमें संशय नहीं। गोरोचन, कुङ्कुम (केशर) और हरिचन्दनको एक में मिलाकर भोजपत्र पर लिखकर इस प्रत्यङ्गिरा यन्त्र को मनुष्यों को धारण करना चाहिये। पुष्प, धूप तथा अनेक प्रकार के बलि-उपहारों से पूजन तथा विधिपूर्वक सुवर्ण के सदृश पीले वस्त्र से वेष्टित कर धारण करने से यह महा-विद्या निश्चय ही साधक के शत्रुओं को विनष्ट कर देती हैं ॥१६-१९॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

अमृतं तद्भवेत् सर्वं मृत्युर्नास्ति कदाचन ।
कर्मणा यो जपेद्यस्तु कृत्रिमं दारुणं सदा ।।२१।।
भक्षितं तृप्तिमत्याशु नरस्य तस्य सुव्रते ! ।
तथाऽस्यां पाठ्यमानायां जीर्यते नाऽत्र संशयः ।।२२।।
नृणां रक्षाकरी देवी सर्वसिद्धिकरी स्मृता ।
सर्वमन्त्रविनाशी च गोलकस्थान्तरः परा ।।२३।।

विधान पूर्बक प्रत्यङ्गिरा के अनुष्ठान करने से साधक के सारे शत्रु विनष्ट हो जाते हैं। ऐसा साधक जिस-किसी भी खाद्य वस्तु का स्पर्श करता है अथवा जो कुछ भी खाता है वह सब अमृत हो जाता है। जो विधिपूर्वक प्रत्यङ्गिरा मन्त्र का जप करता है उसकी कृत्रिम एवं दारुण मृत्यु कदापि नहीं होती ।।२०-२१।।

हे सुव्रते ! प्रत्यङ्गिरा मन्त्र का पाठ करते हुए खाये गये सभी पदार्थ शीघ्रता से पच जाते हैं। इस स्तोत्र का पाठ पूर्वक भोजन करने से सारे अन्न अपने-आप जीर्ण हो जाते हैं, इसमे संशय नहीं ।।२२।।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

सर्वव्याधिहरी विद्या सिद्धिदात्री महेश्वरी ।
प्राप्नोति वसुधां सर्वां रिपुहस्तगतां श्रियम् ।।२४।।
वशास्तस्यैव तिष्ठन्ति शत्रवः प्राणहारकाः ।
अभ्यस्यतां याति विद्यां सिद्धिविद्या-प्रसादतः ।।२५।।

गोलोक में निवास करने के कारण यह विद्या परा कही जाती है। यह साधक मनुष्यों की रक्षा करती है, सारी सिद्धियाँ प्रदान करती है। इसके प्रभाव से अन्य सारे मन्त्रों का प्रभाव विनष्ट हो जाता है। यह महेश्वरी है, जो समस्त व्याधियों का विनाश एवं समस्त सिद्धियाँ प्रदान कती हैं। इसका साधक शत्रु के वश में रहने वाली लक्ष्मी तथा समस्त वसुधा को भी प्राप्त कर सकता है। प्राणापहारक शत्रु भी उस साधक के वशीभूत हो जाते हैं। इस विद्या का अभ्यास (अनुष्ठान) करने वाला पुरुष इस विद्या की सिद्धि के प्रभाव से समस्त विद्या प्राप्त कर लेता है ॥२३-२५॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

अबला च वशात्तस्य सुन्दर्यः प्रियदर्शनाः ।
चराऽचरमिदं सर्वं स-शैल-वन-काननम् ।।२६।।
नर-नारी-समाकीर्णं साधकस्य च सुव्रते ! ।
सर्वत्र वशतां यान्ति यजमानस्य नित्यशः ।।२७।।
गोलकस्य प्रभावेण प्रत्यङ्गिराप्रभावतः ।
त्रिपुरश्च मया दग्ध इमां विद्यां च बिभ्रता ।।२८।।
निर्जितास्त्राऽसुराः सर्वे देवैर्विद्याभिमानिभिः ।
गोलकं च प्रवक्ष्यामि भैषज्यं ते च सुव्रते ! ।।२९।।

अनेक सुन्दर-से-सुन्दर स्त्रियाँ उस साधक के वश में हो जाती हैं। हे सुव्रते ! यह शैल-वन समेत सारा चराचर जगत् जो नर और नारियों से व्याप्त हैं। वे सभी इस मन्त्र के अनुष्ठान करने वाले के वश में हो जाते हैं। गोलक के प्रभाव एवं इस प्रत्यङ्गिरा के प्रभाव तथा इस महाविद्या के धारण करने से मैंने त्रिपुर का विनाश किया ।।२६-२८।।

जिस महाविद्या का अनुष्ठान कर देवताओं ने असुरों

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

n Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-

पञ्चवर्णैः पञ्चदलैः द्वारर्धे द्वारशोभितम् ।
द्वात्रिंशत्पत्रमध्ये तु लिखेन्मन्त्रस्य दैवतम् ।।३०।।
कूटस्थं कुरुते दिक्षु विदिक्षु बीजपञ्चकम् ।
फट्कारेण च संयुक्तं रक्षेच्च साधकोत्तमः ।।३१।।
विष्णुक्रान्तां मदनकं कुङ्कुमं रोचनं तथा ।
आरुष्करं विपारिष्टं सिद्धार्थं मालतीं तथा ।
एतद् द्रव्यगणं भद्रे ! गोलमध्ये निधापयेत् ।।३२।।

पर विजय प्राप्त किया । हे सुव्रते ! अब मैं उस भैषज्य भूत गोलक का निरूपण तुमसे करता हूँ ॥२९॥

द्वार के अर्ध भाग को पाँच वर्णों वाले पाँच पत्तों से द्वार को सुशोभित करे, पुनः बत्तिस पत्रों में मन्त्र के देवता को लिखे । चारों दिशाओं में मन्त्र के कूटाक्षर लिखे फिर चारों कोनों में बीजपञ्चक लिखे । इस प्रकार हुँ फट् के सहित लिखकर उत्तम साधक अपनी रक्षा करें । विष्णुकान्ता, दमनक, कुङ्कुम, गोरोचन, अरुष, विषा-रिष्ट, सिद्धार्थ तथा मालती इन द्रव्यों को गोलक के मध्य में स्थापित करें ॥३०-३२॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

सम्भृतं धारयेन्मन्त्री साधको मन्त्रवित् सदा ।
अधुना सम्प्रवक्ष्यामि प्रत्यङ्गिरां सुभाषिताम् ।।३३।।
दिव्यैर्मन्त्र पदैश्चित्तैः सुखोपायैः सुखप्रदैः ।
पठेदक्षामिधानेन मन्त्रराजः प्रकीर्तितः ।।३४।।

अथातो मन्त्रपदानि भवन्ति । तानि मत्राण्युच्यन्ते–

मन्त्रवेत्ता साधक को इन द्रव्यों से संयुक्त गोलक यन्त्र धारण करना चाहिए। हे देवि! अब मैं प्रामाणिक पुरुषों द्वारा सुभाषित प्रत्यङ्गिरा मन्त्र को तुम से कहता हूँ। इस मन्त्र के पदों को सुखपूर्वक स्वस्थ चित्त से उच्चारण करना चाहिए। इसे मन्त्रराज भी कहा जाता है। यह रक्षात्मक है एवं शत्रुविनाशक तो है ही ॥३३-३४॥

अब प्रत्यङ्गिरा मन्त्र में जितने भी पद हैं, उनको तुमसे कहता हूँ। '**ॐ नमः शिवाय सहस्र सूर्येक्षणाय**' से लेकर

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

ॐ नमः शिवाय सहस्रसूर्येक्षणाय ॐ अनादिरूपाय अनादिपुरुषाय पुरुहूताय महामयाय महाव्यापिने महेश्वराय ॐ जगत्साक्षिणे सन्ताप-भूतव्यापिने महाँघोराऽतिघोराय ॐ ॐ महा-प्रभावं दर्शय दर्शय ॐ ॐ हिलि-हिलि ॐ हन-हन ॐ गिलि-गिलि ॐ मिलि-मिलि ॐ ॐ भूरि-भूरि विद्युजिह्वे ज्वल-ज्वल प्रज्वल-प्रज्वल धम-धम बन्ध-बन्ध मथ-मथ प्रमथ-प्रमथ विध्वंसय-विध्वंसय सर्वान् दुष्टान् ग्रस-ग्रस पिब-पिब नाशय-नाशय त्रासय-त्रासय भ्रामय-भ्रामय दारय-दारय द्रावय-द्रावय दर-दर विदुर-विदुर विदारय-विदारय रं रं रं रं रं रक्षरक्ष त्वं मां साधकं मां पाठकं च रक्षरक्ष हुँ फट् स्वाहा ।

ऐं ऐं हुं हुं रक्ष रक्ष सर्वभूतभयोपद्रवेभ्यो महा-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

मेघौघ-सर्वतोऽग्नि-विद्युदर्क-संवर्त-कपर्दिनि ! दिव्यकणिकाम्भोरुह-विकच-पद्ममालाधारिणि ! शितिकण्ठाभखट्वां कपालधृक् व्याघ्राजिनधृक् परमेश्वरप्रिये ! मम शत्रून् छिन्धिछिन्धि भिन्धि भिन्धि विद्रावय-विद्रावय देवता-पितृ-पिशाचोर-गनागा-ऽसुर - गरुड-गन्धर्व-किन्नर-विद्याधर-यक्ष-राक्षसान् ग्रहाँश्च स्तम्भय-स्तम्भय ये च धारकस्य पाठकस्य वा स-परिवारस्य शत्रवस्तान् सर्वान् निकृन्तय निकृन्तय ये च सर्वे मम अविद्यां कर्म कुर्वन्ति कारयन्ति वा तेषाम् अविद्यां स्तम्भय स्तम्भय तेषां देशं कीलय-कीलय तेषां बुद्धिर्घातय घातय ग्रामं घातय-घातय रोमं कीलय-कीलय शत्रु स्वाहा ।

ॐ ॐ विश्वमूर्ते महातेजसे ॐ जः ॐ जः ॐ

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

ठः ठः मम शत्रूणां विद्यां स्तम्भय-स्तम्भय ॐ जः ॐ जः ॐ ठः ठः मम शत्रूणां शिरमुखे स्तम्भय स्तम्भय ॐ जः ॐ जः ॐ ठः ठः मम शत्रूणां नेत्रे स्तम्भय-स्तम्भय ॐ जः ॐ जः ॐ ठः ठः मम शत्रूणां हस्तौ स्तम्भयस्तम्भय ॐ जः ॐ जः ॐ ठः ठः मम शत्रूणां दन्तान् स्तम्भय-स्तम्भय ॐ जः ॐ जः ॐ ठः ठः मम शत्रूणां जिह्वां स्तम्भय स्तम्भय ॐ जः ॐ जः ॐ ठः ठः मम शत्रूणाम् उदरं स्तम्भय-स्तम्भय ॐ जः ॐ जः ॐ ठः ठः मम शत्रूणां नाभिं स्तम्भय-स्तम्भय ॐ जः ॐ जः ॐ ठः ठः मम शत्रूणां गुह्यं स्तम्भयस्तम्भय ॐ जः ॐ जः ॐ ठः ठः मम शत्रूणां पादौ स्तम्भय-स्तम्भय ॐ जः ॐ जः ॐ ठः ठः मम शत्रूणां सर्वेन्द्रियाणि स्तम्भय-स्तम्भय

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

n Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-C

ॐ जः ॐ जः ॐ ठः ठः मम शत्रूणां कुटुम्बानि स्तम्भय-स्तम्भय ॐ जः ॐ जः ॐ ठः ठः मम शत्रूणां स्थानं कीलय कीलय ॐ जः ॐ जः ॐ ठः ठः मम शत्रूणां देशं कीलय-कीलय ॐ जः ॐ जः ॐ ठः ठः मम शत्रूणां मण्डलं कीलय-कीलय ॐ जः ॐ जः ॐ ठः ठः मम शत्रूणां ग्रामं कीलय-कीलय ॐ जः ॐ जः ॐ ठः ठः मम शत्रूणां प्राणान् स्तम्भय-स्तम्भय ॐ सर्व-सिद्धिमहाभागे ! मम धारकस्य पाठकस्य वा स-परिवारस्य शान्तिं कुरु कुरु स्वाहा ।

ॐ ॐ हुँ हुँ फट् स्वाहा । ॐ हुँ हुँ हुँ हुँ हुँ फट् स्वाहा । ॐ ॐ ॐ ॐ ॐ यं यं यं यं यं रं रं रं रं रं लं लं लं लं लं वं वं वं वं वं शं शं शं शं शं षं षं षं षं षं सं सं सं सं सं हं हं हं हं हं क्षं क्षं क्षं क्षं क्षं ह्रीं

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-C

ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं क्लीं क्लीं क्लीं क्लीं क्लीं हुं हुं हुं हुं हुं फट् स्वाहा। ॐ जः ॐ जः ॐ ठः ठः हुँ हुँ फट् स्वाहा। ॐ जूं सः फट् स्वाहा। ॐ नमो भगवति प्रत्यङ्गिरे! मम धारकस्य पाठकस्य वा स-परिवारस्य सर्वतो रक्षां कुरु कुरु फट् स्वाहा।

ॐ जः ॐ जः ॐ ठः ठः ॐ हुँ हुँ हुँ हुँ हुँ ॐ हुँ हुँ फट् स्वाहा।

ॐ नमो भगवति! दुष्टचण्डालिनि! त्रिशूल-वज्रा-ऽङ्कुश-शक्तिधारिणि! रुधिर-मांसल-वसा-भक्षिणि! कपाल-खट्वाङ्गधारिणि! मम शत्रून् छेदय-छेदय दह-दह हन-हन पच-पच धम-धम मथ-मथ सर्वदुष्टान् ग्रस-ग्रस ॐ ॐ हुं हुं फट् स्वाहा। ॐ हुं हुं हुं हुं हुं स्वाहा।

ॐ ॐ ह्रीं दंष्ट्राकालिनि! मम कृते मन्त्र-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

यन्त्र-तन्त्र - प्रयोगविषचूर्ण - शस्त्राद्य - विचार-सर्वोपद्रवादिकं येन कृतं कारितं कुरुते कारयन्ति करिष्यन्ति वा तान् सर्वान् हन-हन-हन प्रत्यङ्गिरे ! त्वं मां धारकस्य स-परिवारकं रक्ष रक्ष हुं हुं हुं हुं हुं फट् स्वाहा । ॐ ऐं ह्रीं श्रीं स्फ्रें स्फ्रें हुँ हुँ फट् स्वाहा ।

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं मम शरीरे रक्ष-रक्ष फट् स्वाहा । ॐ ऐं ह्रीं श्रीं माहेश्वरि ! मम नेत्रे रक्ष-रक्ष स्वाहा । ॐ ऐं ह्रीं श्रीं स्फ्रें स्फ्रें हुं ब्रह्माणि ! मम शिरो रक्ष रक्ष स्वाहा । ॐ ऐं ह्रीं श्रीं स्फ्रें स्फ्रें हुं कौमारि ! मम वक्त्रं रक्ष-रक्ष स्वाहा । ॐ ऐं ह्रीं श्रीं स्फ्रें स्फ्रें हुं वैष्णवि ! मम कण्ठं रक्ष-रक्ष स्वाहा । ॐ ऐं ह्रीं श्रीं स्फ्रें स्फ्रें हुं नारसिंहि ! मम बाहू रक्ष-रक्ष स्वाहा । ॐ ऐं ह्रीं श्रीं स्फ्रें स्फ्रें हुँ

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gi

वाराहि ! मम हृदयं रक्ष-रक्ष स्वाहा । ॐ ऐं ह्रीं श्रीं स्फ्रें स्फ्रें हुँ ऐन्द्रि ! मम नाभिं रक्ष-रक्ष स्वाहा । ॐ ऐं ह्रीं श्रीं स्फ्रें स्फ्रें हुं चामुण्डे ! मम गुह्यं रक्ष-रक्ष स्वाहा । ॐ ऐं ह्रीं श्री स्फ्रें स्फ्रें हुं माहेश्वरि ! मम जङ्घे रक्ष रक्ष स्वाहा । ॐ ऐं ह्रीं श्रीं स्फ्रें स्फ्रें हुं मोहिनि ! मम शत्रून् मोहयमोहय स्वाहा ।

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं स्फ्रें स्फ्रें हुं हुं प्रत्यङ्गिरे ! मम शरीरं, रक्षरक्ष स्वाहा ।

कूटस्था कुरुते दिक्षु विदिक्षु बीजपञ्चकम् ।
फट्कारेण समोपेतं रक्ष त्वं साधकोत्तम ।।१।।

'ॐ ऐं ह्रीं श्रीं स्फ्रें स्फ्रें हुँ हुँ प्रत्यङ्गिरे मम शरीरं रक्ष-रक्ष स्वाहा' पर्यन्त प्रत्यङ्गिरा माला मन्त्र का पाठ और जप करना चाहिए।

चारों दिशाओं में कूट वर्णों को तथा चारों कोनों पर

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

स्तम्भिनी मोहिनी चैव क्षोभिणी द्राविणी तथा ।
जृम्भिणी भ्रामरी रौद्री तथा संहारिणीति च ।।२।।
शक्तयः शोषिणी चैव शत्रुपक्षनियोजितः ।
साधिताः साधकेन्द्रेण सर्वशत्रुविनाशिनी ।।३।।

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं स्फ्रें स्फ्रें हुं स्तम्भिनि ! मम शत्रून् स्तम्भय स्तम्भय स्वाहा । ॐ ऐं ह्रीं श्रीं स्फ्रें स्फ्रें हुं मोहिनि ! मम शत्रून् मोहय मोहय स्वाहा । ॐ ऐं ह्रीं श्रीं स्फ्रें स्फ्रें हुं भ्रामिणि ! मम शत्रुन् भ्रामय भ्रामय स्वाहा ।

बीजपञ्चक लिखना चाहिए। फिर 'रक्ष त्वं साधकोत्तम हुँ फट्' लिखना चाहिए ।।१।।

स्तम्भिनी, मोहिनी, क्षोभिणी, द्राविणी, जृम्भिणी, भ्रामरी, रौद्री, संहारिणी तथा शोषिणी ये प्रत्यङ्गिरा की शक्तियाँ कही गयी हैं, जिनका प्रयोग शत्रुपक्ष के लिए किया जाता है। जब साधक इन शक्तियों के सहित प्रत्यङ्गिरा को सिद्ध कर लेता है तो वह शत्रुपक्ष का विनाश कर देती है ।।२-३।।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं स्फ्रें स्फ्रें हुं रौद्रि ! मम शत्रून् रौद्रय-रौद्रय स्वाहा। ॐ ऐं ह्रीं श्रीं स्फ्रें स्फ्रें हुं संहारिणि ! मम शत्रुन् संहारय-संहारय स्वाहा। ॐ ऐं ह्री श्रीं स्फ्रें स्फ्रें हुँ शोषिणि ! मम शत्रून् शोषय-शोषय स्वाहा।

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं स्फ्रें स्फ्रें हुं प्रत्यङ्गिरे ! विकटदंष्ट्रे ! ह्रीं ह्रीं कालिकेलि ! स्फ्रें स्फ्रें कारिणि मम शत्रून् छेदय छेदय स्वादय स्वादय सर्वान् दुष्टान् मारय मारय खड्गेन छिन्धि छिन्धि किलि किलि चिकि चिकि पिब पिब रुधिरं स्फ्रें स्फ्रें किरि-किरि कालि-कालि महाकालि महाकालि श्रीं ह्रीं ऐं हुं हुं फट् स्वाहा।

य इमां धारयेद् विद्यां त्रिसन्ध्यं वाऽपि यः पठेत् ।
सोऽपि दुष्टान्तको भूत्वा हन्याच्छत्रून् न संशयः ॥४॥

जो इस विद्या को धारण करता है अथवा इसका तीनों काल पाठ करता है, वह दुष्टों का काल बन कर अपने शत्रुओं का विनाश कर देता है इसमें संशय नहीं।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

n Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-0

सर्वं हि रक्षयेद् विद्यां महाभय-विपत्तिषु ।
महाभयेषु घोरेषु न भयं विद्यते क्वचित् ।
सर्वान् कामानवाप्नोति मर्त्यो देवि ! न संशयः ।
अष्टोत्तरशतं जपेत् साक्षात् सिद्धीश्वरो भवेत् ।।५।।
ऋषिस्तु भैरवो नाम छन्दोऽनुष्टुप्-प्रकीर्त्तितम् ।
देवता कौशिकी प्रोक्ता नाम प्रत्यङ्गिरैव सा ।।६।।

महाभय अथवा महान् विपत्ति आने पर प्रत्यङ्गिरा के पाठ से अपने समस्त वस्तुओं की रक्षा करनी चाहिए। जिससे महाभय एवं घोर-से-घोर विपत्ति में कहीं भी भय उपस्थित न हो। भैरव कहते हैं कि, हे देवि ! प्रत्यङ्गिरा की उपासना करने वाला व्यक्ति अपनी सारी कामनाएँ पूर्ण कर लेता है, इसमें संशय नहीं। उपर्युक्त प्रत्यङ्गिरा माला मन्त्र का एक सौ आठ बार पाठ करने वाला व्यक्ति साक्षात् सभी सिद्धियों का ईश्वर हो जाता है ।।४-५।।

इस माला मन्त्र के भैरव ऋषि हैं, अनुष्टुप् छन्द कहा

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

कूर्चबीजं षडङ्गानि कल्पयेत् साधकोत्तमः ।
सर्वाकृष्टोपचारैस्तु ध्यायेत् प्रत्यङ्गिरां शुभाम् ।।७।।

ध्यानम्

टङ्कं कपालं डमरुं त्रिशूलं
सम्बिभ्रतीं चन्द्रकलावतंसं ।
पिङ्गोर्ध्वकेशा-ऽसित-भीमदंष्ट्रा
भूयाद् विभूत्यै मम भद्रकाली ।।८।।

गया है। इसके देवता कौशिकी हैं। यही कौशिक प्रत्यङ्गिरा भी कही जाती हैं। इस मन्त्र का उत्तम साधक कूर्चबीज तथा षडङ्ग की कल्पना स्वयं कर लेवे। प्रत्यङ्गिरा भगवती को आकृष्ट करने वाले अनेक उत्तमोत्तम उपचारों से पूजन कर उनका ध्यान इस प्रकार करना चाहिए ।।६-७।।

ध्यान– अपने हाथों में तलवार, नृकपाल (नरमुण्ड), डमरू और त्रिशूल तथा मस्तक पर चन्द्रकला धारण करने वाली, जिस भद्रकाली के पीले-पीले तथा ऊपर की ओर

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

n Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-C

एवं ध्यात्वा जपेन्मन्त्रमेकविंशति-वासरान् ।
शत्रून् सन्नाशयेत्तं च प्रकारोऽयं सुनिश्चितम् ।।९।।
अथाऽष्टम्यामर्धरात्रौ शरत्काले महानिशि ।
आराधिता च सा काली तत्क्षणात् सिद्धिदा भवेत् ।।१०।।
सर्वोपचारसम्पन्नो रक्तवस्त्रफलादिभिः ।
पुष्पैश्च रक्तवर्णैश्च साधयेत् कालिकां पराम् ।।११।।

उठे हुए केश एवं काले-काले तथा भायनक दाँत हैं, वह भद्रकाली हमारी रक्षा करें ॥८॥

इस प्रकार ध्यान कर इक्कीस दिन पर्यन्त प्रत्यङ्गिरा का जप करना चाहिए। यह विधान निश्चय ही साधक के समस्त शत्रुवर्ग का नाश कर देता है। शरद् काल के नवरात्र में, जब अर्धरात्रि में अष्टमी की महानिशा हो, उस समय आराधना करने से यह भगवती अवश्य ही सिद्धि प्रदान करती हैं ॥९-१०॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

वर्षादूर्ध्वमजं मेषं मृगं वा विविधं बलिम् ।
दद्यात् पूर्वं महेशानि ! ततस्तु जपमाचरेत् ।।१२।।
एकहायनतः काली सत्यं सत्यं सुसिद्धिदा ।
मूलमन्त्रेण रात्रौ च होमं कुर्याद् विचक्षणः ।।१३।।
मरीच-लाज-लवणैः सर्षपैर्मारणं भवेत् ।
महासङ्कटरोगे च न भयं जायते क्वचित् ।।१४।।

पूजा की सम्पूर्ण सामग्री एकत्रित कर साधक लाल वस्त्र, लाल फल तथा लाल रंग वाले पुष्पों से परा भगवती महाकाली का पूजन करें— हे महेशानि ! सर्वप्रथम जप करे। पश्चात् वर्ष भर जपोपरान्त बकरा अथवा भेंड़ा अथवा मृग तथा अन्यान्य विविध बलि देनी चाहिए। रात्रि में मूल मन्त्र से होम करना चाहिए। ऐसा करने से काली एक वर्ष में सिद्ध हो जाती हैं, यह सत्य है, यह सत्य है ॥११-१३॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

प्रेतपिण्डं समादाय गोलकं कारयेत्ततः ।
साध्यनामाङ्कितं कृत्वा शत्रुमय्यां च पुत्तलीम् ।।१५।।
जीवं तत्र विधायैव चिताग्नौ प्रक्षिपेत् ततः ।
एकायुतं जपं कृत्वा त्रिरात्रान्मरणं रिपोः ।।१६।।
महाज्वरो भवेत्तस्य तप्तताम्र-शलाकया ।
गुदाद्वारे प्रविन्यस्य सप्ताहान्मरणं रिपोः ।।१७।।

मरीच, लावा, नमक तथा सरसों को मिलाकर होम करने से मारण प्रयोग किया जाता है। इतना ही नहीं, उपर्युक्त विधि से होम करने पर महासङ्कट तथा रोगादि का भय नहीं रहता ।।१४।।

प्रेत का शरीर लेकर गोलक यन्त्र बनवाये, पुनः साध्य शत्रु का नाम लिखकर शत्रु का पुतला बनाये। उसमें शत्रु की प्राण-प्रतिष्ठा करें। फिर चिता की अग्नि में उसे फेंक कर जला देवे। तदनन्तर दस हजार मन्त्र का जप करें— ऐसा करने से शत्रु तीन रात्रि के भीतर मर जाता है ।।१५-१६।।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

पुष्पसमर्पणविधिः

एकविंशतिदिनाद्यन्तं जपं कृत्वा, नित्यं १०८,

भुक्तौ मुक्तौ च शान्तौ च श्वेतपुष्पं विनिर्दिशेत् ।
आकृष्टौ च वशीकारे रक्तं पुष्पं विनिर्दिशेत् ।।१८।।

जलती हुई ताँबे की सलाई उपर्युक्त विधि द्वारा निर्मित शत्रु के पुतला के गुदा द्वार में घुसेड़ दे तो शत्रु को महाज्वर चढ़ जाता है और वह सात रात्रि के भीतर ही मर जाता है ।।१७।।

पुष्प समर्पण विधि– प्रत्यङ्गिरा को पुष्प समर्पण का विधान कहते हैं— साधक भोग, मोक्ष तथा शान्ति प्राप्त करने के लिए इक्कीस दिन पर्यन्त निरन्तर जप के आदि तथा अन्त में १०८ की संख्या में श्वेत पुष्प समर्पण करे तो उसे भोग, मोक्ष एवं शान्ति प्राप्त होती है। इसी प्रकार आकर्षण एवं वशीकरण में जप के आदि तथा अन्त में १०८ की संख्या में लाल पुष्प समर्पित करना चाहिए ।।१८।।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

स्तम्भने मोहने चैव पीतपुष्पं विनिर्दिशेत् ।
उच्चाटने मारणे च कृष्णपुष्पं विनिर्दिशेत् ।।१९।।
अनेनैव प्रकारेण ध्यानं स्यात् पुष्पवर्णकम् ।
एवं पुष्पविधिः प्रोक्तः पूजादौ जपकर्मणि ।।२०।।

इति श्री कुब्जिकातन्त्रस्थ चण्डोग्रशूलपाणितन्त्रे प्रत्यङ्गिरास्तोत्रं समाप्तम् ।।

स्तम्भन तथा मोहन कार्य में आद्यन्त एक सौ आठ (१०८) की संख्या में पीला पुष्प समर्पित करना चाहिए। उच्चाटन तथा मारण प्रयोग में आद्यन्त एक सौ आठ संख्या में काला पुष्प समर्पित करना चाहिए ।।१९।।

इसी प्रकार उन-उन कार्यों में उसी-उसी प्रकार के पुष्पों को लेकर भगवती का ध्यान भी करना चाहिए। पूजादि एवं जपादि कर्म में पुष्प का विधान इस प्रकार बतलाया है ।।२०।।

इस प्रकार हिन्दी टीका सहित प्रत्यङ्गिरा स्तोत्र समाप्त ।।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

श्रीप्रत्यङ्गिरामन्त्रपुरश्चरण

ध्यानम् (मेरुतन्त्रे)

अथाऽतः सम्प्रवक्ष्यामि परकृत्या-निवारिणीम् ।
देवीं प्रत्यङ्गिरां नाम सर्वापद्-विनिवारिणीम् ।।१।।
ॐ अँ कँ चँ तथा टँ तँ पँ ह्मँ भों ह्रीं समुच्चरेत् ।
हुँस उक्त्वा हुँ तथाऽस्त्रं स्वाहान्तं षोडशाक्षरः ।।२।।

प्रत्यङ्गिरा मन्त्र पुरश्चरण का विधान :

सर्वप्रथम मेरुतन्त्र में उल्लिखित रीति से देवी का इस प्रकार ध्यान करें : शत्रु द्वारा प्रयुक्त परकृत्या (शत्रु द्वारा प्रयुक्त मारण क्रिया) तथा सम्पूर्ण विपत्तियों से रक्षा करने वाली देवी प्रत्यङ्गिरा के विषय में कहता हूँ ।।१।।

'ॐ अं कं चं टं तं पं ह्मं भों ह्रीं हुं सः हुं फट् स्वाहा' यह सोलह अक्षरों का प्रत्यङ्गिरा का मन्त्र है ।।२।।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

मुनिर्विधाता छन्दोष्णिग् देवताः षट् प्रकीर्तिताः ।
महावायु-र्महापृथ्वी महाकाशस्तथैव च ।।३।।
महासमुद्रनामा च महापर्वत एव च ।
महाग्निश्चेति हुँ बीजं ह्रीं शक्तिः परिकीर्तिता ।।४।।
लज्जया तु षडङ्गानि षड्दीर्घान्वितयाऽऽचरेत् ।
मन्त्रदेवींस्ततो मन्त्री ध्यायेत् सुस्थिरमानसः ।।५।।

इस मन्त्र के ब्रह्मा ऋषि उष्णिक् छन्द है तथा महावायु, महापृथ्वी, महाकाश, महासमुद्र, महापर्वत और मदाग्नि ये छह देवता हैं, हुं बीज है एवं ह्रीं शक्ति कही गयी है ।।३-४।।

षड् दीर्घयुक्त लज्जा (ह्रीं) से षडङ्ग न्यास करे। फिर स्थिर चित्त से वक्ष्यमाण षड् देवता का ध्यान करें ।।५।।

षडङ्गन्यास का प्रकार :

ॐ ह्राँ हृदयाय नमः। ॐ ह्रीं शिरसि स्वाहा, ॐ ह्रूँ शिखायै वषट्, ॐ ह्रैं क्वचाय हुम्, ॐ ह्रौं नैत्रत्रयाय वौषट्, ॐ ह्रः अस्त्राय फट्।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

ध्यानम्-

नानारत्नार्चिराक्रान्तं वृक्षाम्भःस्रवणैर्युतम् ।
व्याघ्रादि-पशुभिर्व्याप्तं सानुयुक्तं गिरिं स्मरेत् ।।६।।
मत्स्य-कूर्मादि-बीजाढ्यं नवरत्न-समन्वितम् ।
घनच्छायं सकल्लोलमकूपारं विचिन्तयेत् ।।७।।
ज्वालावली-समाक्रान्तं जगत्त्रितयमद्भुतम् ।
पीतवर्णं महावह्निं संस्मरेच्छत्रुशान्तये ।।८।।

ध्यान– अनेक प्रकार के रत्नप्रभा से जगमगाते हुए, वृक्ष, झरना तथा व्याघ्र आदि पशुओं से, अनेक पर्वत-श्रेणियों से युक्त महापर्वत का ध्यान करना चाहिए। मत्स्य, कूर्मादि जन्तु ही जिसके बीज हैं, अनेक प्रकार के रत्नों से व्याप्त, घनी छाया वाले तथा कल्लोल (लहरों) से व्याप्त महा समुद्र का ध्यान करें। तीनों लोकों को अपनी लपटों से आक्रान्त करते हुए पीले वर्ण वाले महाग्नि का शत्रु को शान्त करने के लिए ध्यान करना चाहिए ॥६-८॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

त्वरा समुत्थरावौघमलिनं रुद्धभूदिवम् ।
पवनं संस्मरेद् विश्वजीवनं प्राणरूपतः ।।९।।
नदी-पर्वत-वृक्षादि-कलिताग्रास- सङ्कुला ।
आधारभूता जगतो ध्येया पृथ्वीह मन्त्रिणा ।।१०।।
सूर्यादिग्रह-नक्षत्र - कालचक्र - समन्वितम् ।
निर्मलं गगनं ध्यायेत् प्राणिनामाश्रयः पदम् ।।११।।

बहुत बड़ी आँधी के साथ शब्द करते हुए, पृथ्वी और आकाश को धूल युक्त बना कर, उसे अन्धा बनाते हुए, विश्व के जीवन एवं प्राण स्वरूप वायु का स्मरण करना चाहिए। मन्त्रवेत्ता साधक को नदी, पर्वत, वृक्षादि से व्याप्त, ग्राम से संयुक्त, सारे संसार की आधारभूता पृथ्वी का स्मरण करना चाहिए। सूर्यादि ग्रह-नक्षत्रों के काल चक से समन्वित, समस्त प्राणियों के आश्रय स्थान भूत निर्मल आकाश का ध्यान करना चाहिए ।।९-११।।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

पुरश्चरणमाह-

एवं षड्देवता ध्यात्वा सहस्राणि तु षोडश ।
जपेन्मन्त्रं दशांशेन षड्द्रव्यैर्होममाचरेत् ।।१२।।
व्रीहयस्तण्डुला आज्यं सर्षपाश्च यवास्तिलाः ।
एतैर्हुत्वा यथाभागं पीठे पूर्वोदिते यजेत् ।।१३।।

मालामन्त्रस्तत्रैव-

अथ प्रत्यङ्गिरामालामन्त्रः सिद्धः प्रकीर्त्यते-
ॐ ह्रीं नमः कृष्णवाससे शतेविश्वसाहस्रहिम् ।

पुनश्चरण प्रकार- इस प्रकार छह देवताओं का ध्यान कर सोलह हजार की संख्या में मन्त्र का जप करें। तदनन्तर षड्द्रव्यों (धान, चावल, घी, सरसों, यव और तिल) से उसका दशांश (१६००) होम करे। जप का दशांश होम कर पूर्वोक्त पीठ पर देवी का पूजन करें ।।१२-१३।।

अब माला मन्त्र जैसा कि वहाँ कहा गया है, उसे कहता हूँ—

प्रत्यङ्गिरा मालामन्त्र- 'ॐ ह्रीं नमः कृष्णवाससे

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

सिनि सहस्रदने महावले पराजिते ।।१४।।
प्रत्यङ्गिरे पदसैन्य-परकर्मपदं वदेत् ।
विध्वंसिनि परमन्त्रोत्सादिनीति ततो वदेत् ।।१५।।
सर्वभूतेति दमनि सर्वदेवान् वदेत् ततः ।
बन्धयुग्मं सर्वविद्या द्विश्छिन्धि क्षोभय-द्वयम् ।।१६।।
परयन्त्राणीति वदेत् स्फोटय द्वितयं ततः ।
सर्वशृङ्खलाँस्त्रोटय त्रोटय ज्वल चोच्चरत् ।।१७।।
ज्वालाजिह्वे करालेति वदने प्रत्यमुच्चरेत् ।
गिरे ह्लीं नम इत्येष सपादशतवर्णवान् ।।१८।।
ब्रह्माऽनुष्टुब्-मुनिश्छन्दो देवी प्रत्यङ्गिरा मता ।।१९।।

शतसाहस्रहिंसिनि सहस्रवदने महाबले अपराजिते प्रत्यङ्गिरे परसैन्य-परकर्मविध्वंसिनि परमन्त्रोत्सादिनि सर्वभूतदमनि सर्वदेवान् बन्ध बन्ध सर्वविद्याश्छिन्धि छिन्धि क्षोभय क्षोभय परयन्त्राणि स्फोटय स्फोटय सर्वशृङ्खलांस्त्रोटय त्रोटय ज्वलज्ज्वालाजिह्वे करालवदने प्रत्यङ्गिरे ह्लीं नमः ।'

यह मालामन्त्र १२५ अक्षरों का है ॥१४-१८॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-C

बीजशक्ती तारमाये कृत्यानाशेति योजनम् ।
षडङ्गानां विधिश्चाऽत्र षड्दीर्घान्वितमायया ।।२०।।

ध्यानम्-

सिंहारूढाऽतिकृष्णाङ्गी ज्वालावक्त्रां भयङ्कराम् ।
शूलखड्गकरां वस्त्रे दधतीं नूतने भजे ।।२१।।

पुरश्चरणम्-

अयुतं प्रजपेन्मन्त्रं सहस्रं तिलराजिकाः ।
हुत्वा सिद्धमनुर्मन्त्री प्रयोगेषु शतं जपेत् ।।२२।।

इस मन्त्र के देवता ब्रह्मा हैं, अनुष्टुप् छन्द है, प्रत्यङ्गिरा देवता हैं, ॐ यह बीज है, ह्रीं शक्ति है। कृत्यानाश (शत्रुकृत मारण प्रयोग) के लिए इसका विनियोग है। इस मन्त्र का षड्दीर्घयुक्त 'ह्रीं' से षड्गन्यास करना चाहिए ॥१९-२०॥

ध्यान– मालामन्त्र-जप के लिए ध्यान कहते हैं— सिंह पर चढ़ी हुई, अत्यन्त काले मुख से ज्वाला उगलने के कारण महाभयानक, हाथों में त्रिशूल तथा खड्ग लिये, नूतन वस्त्र पहने देवी प्रत्यङ्गिरा का भजन करता हूँ ॥२१॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

ग्रह-भूतादिकारिष्टं सिञ्चेन्मन्त्रं जपन् जलैः ।
विनाशयेत् परकृतं यन्त्र-मन्त्रादि-साधनम् ।।२३।।

अथ मन्त्रान्तरं (सिद्धान्तसंग्रहे)

ॐ यां कल्पयन्ति नोऽरयः क्रूरां कृत्यां वधू मिव ।
तां ब्रह्मणाऽपनिर्णुद्मः प्रत्यक्-कर्तारमिच्छतु ।।२४।।
ह्रीं मुन्याद्या विनियोगान्ता मालामन्त्रवदस्य तु ।
षडङ्गानि च पादेन पादार्धैश्चरणेन च ।।२५।।

पुरश्चरण-इस मन्त्र का दशहजार जप तथा तिल एवं राई से एक हजार हवन करना चाहिए। मन्त्र सिद्ध कर लेने पर साधक काम्यप्रयोगों में केवल एक सौ की संख्या में जप करे ॥२२॥

ग्रह-भूतादिजन्य अरिष्ट निवारण के लिए मन्त्र का जप करते हुए रोगी पर जल छिड़कते रहना चाहिए। इस मन्त्र का जापक साधक शत्रु के द्वारा प्रयुक्त यन्त्र-मन्त्रादि समस्त साधन विनष्ट कर देता है ॥२३॥

सिद्धान्त संग्रह में कहा गया प्रत्यङ्गिरा का अन्य मन्त्र–

ॐ यां कल्पयन्ति नोऽरयः क्रुरां कृत्यां बधूमिव ।
तां ब्रह्मणाऽपनिर्णुद्मः प्रत्यक् . कर्त्तारमिच्छतु ॥२४॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-C

कुर्याद् वेदादिषड्दीर्घ-हृल्लेखापुटितेन च।
शिरो-भ्रू-मध्यवदन-गल बाहुद्वयेष्वथ ।।२६।।
हृन्नाभि-पार्श्व-कट्यन्धु-पादेषु पदशो न्यसेत्।
व्यापकान्तं समस्तेन कृत्वा ध्यायेन् महेश्वरीम् ।।२७।।
खड्गचर्मधरां कृष्णां मुक्तकेशीं विवाससम्।
दंष्ट्राकरालवदनां भीषाभां सर्पभूषणाम्।
ग्रसन्तीं वैरिणं ध्यायेत् प्रेरितां शिवतेजसा ।।२८।।

इस मन्त्र के ऋषि, छन्द तथा देवता एवं विनियोग पूर्ववत् है। इसका षडङ्गन्यास एक पाद, पादका अर्धभाग तथा पुनः एक चरण से करना चाहिए। उसे वेदादि ॐ षड्दीर्घहृल्लेखा (ह्रीं) से सम्पुटित करना चाहिए। तथा मन्त्र के एक-एक पद से शिर, भ्रू, मध्य वदन, गला, दोनों बाहू, हृदय, नाभि, पार्श्व, कटिभाग, दोनों कन्धा तथा दोनों पैर, तदनन्तर समस्त मन्त्र से सर्वाङ्ग न्यास करना चाहिए ।।२५-२७।।

मन्त्रमहादधि के अनुसार षडङ्ग न्यास विधि–

षडङ्गन्यासः–

ॐ ह्रां यां कल्पयन्ति नोरयः ह्रां हृदयाय नमः।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

ॐ ह्रीं क्रूरां कृत्यां ह्रीं शिरसे स्वाहा।
ॐ हूं वधूमिव हूं शिखायै वषट्।
ॐ हैं ब्रह्मणा हैं कवचाय हुम्।
ॐ ह्रौं अपनिर्णुद्म: ह्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्।
ॐ ह्र: प्रत्यक्कर्त्तारमृच्छतु ह्र: अस्त्राय फट्।

पदन्यास:– ॐ ह्रीं यां ह्रीं शिरसि।
ॐ ह्रीं कल्पयन्ति ह्रीं भ्रूमध्ये।
ॐ ह्रीं नो ह्रीं मुखे।
ॐ ह्रीं अरय: ह्रीं कण्ठे।
ॐ ह्रीं क्रूरां ह्रीं दक्षिणबाहौ।
ॐ ह्रीं कृत्यां ह्रीं वामबाहौ।
ॐ ह्रीं बधूम् ह्रीं हृदि।
ॐ ह्रीं इव ह्रीं नाभौ।
ॐ ह्रीं ह्रां ह्रीं दक्षिण ऊरौ।
ॐ ह्रीं ब्रह्मणा ह्रीं वाम ऊरौ।
ॐ ह्रीं अपनिर्णुद्म: ह्रीं दक्षिणजानौ।
ॐ ह्रीं प्रत्यक् ह्रीं वामजानौ।
ॐ ह्रीं कर्त्तारं ह्रीं दक्षिणपादे।
ॐ ह्रीं ऋच्छतु ह्रीं वामपादे।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

पुरश्चरणमाह-
अयुतं प्रजपेदेनं मन्त्री प्रयतमानसः ।
दशांशं जुहुयात् पश्चादपामार्गेध्म-राजिकाम् ।।२९।।
सर्पिषा च समायुक्तां ततः सिद्धो भवेन्मनुः ।
प्रयोगेषु जपेन्मन्त्रमष्टोत्तरशतं बुधः ।

अब इस मन्त्र का ध्यान कहते हैं—

कृष्णवर्णवाली, जो देवी अपने हाथों में खड्ग तथा चर्म धारण की हुई हैं, जिनके केश सर्वथा विखरे हैं और जो वस्त्ररहित (नङ्गी) हैं, जिनके दाँत अत्यन्त भयानक हैं, सर्प का आभूषण धारण करने से जो अत्यन्त भयङ्कर हैं तथा जो शिव माया की प्रेरणा से अपने समस्त बैरियों को ग्रसित कर रही हैं ऐसी प्रत्यङ्गिरा का ध्यान करना चाहिए ।।२८।।

पुरश्चरण का विधान

इस मन्त्र का साधक स्वस्थचित्त हो दश हजार जप करे। पुन: अपामार्ग की लकड़ी से राई को घी में मिला कर

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Gr

तावतैव तु होमेन परकृत्या विनश्यति ।।३०।।

प्रत्यङ्गिरायन्त्रम् (मेरुतन्त्रे)

त्रिकोणं च चतुःपत्रं वसुपत्रं ततः परम् ।
कलापत्रं च भूविम्बं चतुरस्त्रत्रयावृतम् ।।३१।।

इति प्रत्यङ्गिरास्तोत्रे प्रत्यङ्गिरामन्त्रपुरश्चरणं समाप्तम् ।

जप करे तो मन्त्र सिद्ध हो जाता है। मन्त्र को सिद्ध कर लेने पर काम्य प्रयोग के लिए एक सौ आठ बार जप करे। फिर उतनी ही संख्या में होम करे तो शत्रु के द्वारा किया गया अभिचार (मारण प्रयोग) नष्ट हो जाता है ॥२९-३०॥

मेरुतन्त्रोक्त प्रत्यङ्गिरा यन्त्र का प्रकार

त्रिकोण बनाकर उस पर चतुर्दल कमल फिर अष्टदल, फिर सोलह दल का कमल बनाकर उसमें तीन चौकोर भूपुर बनाना चाहिए ॥३१॥

इस प्रकार हिन्दी टीका सहित प्रत्यङ्गिरा मन्त्र पुरश्चरण समाप्त ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

प्रत्यङ्गिराकवचम्

देव्युवाच

भगवन् सर्वधर्मज्ञ सर्वशास्त्रार्थ-पारग ! ।
देव्याः प्रत्यङ्गिरायाश्च कवचं यत् प्रकाशितम् ।
सर्वार्थसाधनं नाम कथयस्व मयि प्रभो ! ।।१।।

भैरव उवाच

शृणु देवि ! प्रवक्ष्यामि कवचं परमाद्भुतम् ।।२।।
सर्वार्थसाधनं नाम त्रैलोक्ये चाऽतिदुर्लभम् ।
सर्वसिद्धिमयं देवि ! सर्वैश्वर्यप्रदायकम् ।।३।।

देवी ने कहा– हे भगवन् ! हे सर्वधर्मज्ञ ! हे सम्पूर्ण-शास्त्रों के पारगामी भैरव प्रभो ! सर्वार्थसाधन प्रत्यङ्गिरा देवी का जो कवच आपने प्रकाशित किया है। हे प्रभो ! यह कवच आप मुझसे कहिए ।।१।।

श्री भैरव बोले– हे देवि ! अत्यन्त अद्भुत सर्वार्थ-साधन नाम वाले उस कवच को मैं तुमसे कहता हूँ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

n Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-

पठनाच्छ्रवणान्मर्त्यस्त्रैलोक्यैश्वर्यभाग् भवेत् ।
सर्वार्थसाधकस्याऽस्य कवचस्य ऋषिः शिवः ।।४।।
छन्दो विराट् पराशक्तिर्जगद्धात्री च देवता ।
धर्मा-ऽर्थ-काम-मोक्षेषु विनियोगः प्रकीर्तितः ।।५।।
प्रणवं मे शिरः पातु वाग्भवं च ललाटकम् ।
ह्रीं पातु दक्षनेत्रं मे लक्ष्मीर्वामं सुरेश्वरी ।।६।।

सावधान होकर सुनो। यह त्रैलोक्य में सर्वथा दुर्लभ है। इस कवच को पढ़ने तथा सुनने से मनुष्य त्रिलोकी के ऐश्वर्य का स्वामी बन जाता है ।।२-३।।

विनयोग– सर्वार्थसाधन नामक इस कवच के शिव ऋषि हैं, विराट् छन्द है, पराशक्ति जगद्धात्री इसके देवता हैं तथा धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष चारों पुरुषार्थों में इसका विनियोग कहा गया है ।।४-५।।

प्रणव हमारे शिर की रक्षा करे। वाग्भव (ऐं) ललाट की रक्षा करे। ह्रीं दाहिने नेत्र की तथा सुरेश्वरी लक्ष्मी (श्रीं) बाँये नेत्र की रक्षा करें ।।६।।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

प्रत्यङ्गिरादक्षकर्णं वामे कामेश्वरी तथा।
लक्ष्मीः प्राणं सदा पातु वदनं पातु केशवः ॥७॥
गौरी तु रसनां पातु कण्ठं पातु महेश्वरः।
स्कन्धदेशं रतिः पातु भुजौ तु मकरध्वजः ॥८॥
शङ्खं निधिः करौ पातु वक्षः पद्मनिधिस्तथा।
ब्राह्मी मध्यं सदा पातु नाभिं पातु महेश्वरी ॥९॥
कौमारी पृष्ठदेशं तु गुह्यं रक्षतु वैष्णवी।
वाराही च कटिं पातु चैन्द्री पातु पदद्वयम् ॥१०॥

प्रत्यङ्गिरा दाहिने कान की तथा कामेश्वरी बाँयें कान की रक्षा करें। लक्ष्मी सर्वदा प्राणों की और केशव मुख की रक्षा करें। गौरी रसना की, महेश्वर कण्ठ की, रति स्कन्ध प्रदेश की तथा मकरध्वज दोनों भुजाओं की रक्षा करें। शङ्खनिधि दोनों हाथों की, पद्मनिधि वक्षःस्थल की, ब्राह्मी मध्यभागकी तथा महेश्वरी नाभिस्थान की रक्षा करें। कौमारी पृष्ठ की, वैष्णवी गुह्य स्थान की, वाराही कटि प्रदेश की एवं ऐन्द्री दोनों पैरों की रक्षा करें॥७-१०॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

n Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-C

भार्या रक्षतु चामुण्डा लक्ष्मी रक्षतु पुत्रकान् ।
इन्द्रः पूर्वे सदा पातु आग्नेय्यामग्निदेवता ।।११।।
याम्ये यमः सदा पातु नैर्ऋत्यां निर्ऋतिस्तथा ।
पश्चिमे वरुणः पातु वायव्यां वायुदेवता ।।१२।।
सौम्यां सोमः सदा पातु चैशान्यामीश्वरो विभुः ।
ऊर्ध्वं प्रजापतिः पातु ह्यधश्चाऽनन्तदेवता ।।१३।।

चामुण्डा भार्या की, लक्ष्मी पुत्रों की, इन्द्र पूर्व दिशा की तथा अग्नि देवता आग्नेय कोण में हमारी रक्षा करें। दक्षिण दिशा में यम, नैर्ऋत्य दिशा में निर्ऋति, पश्चिम में वरुण तथा वायव्य कोण में वायु देव हमारी रक्षा करें। उत्तर दिशा में सोम, ईशान कोण में विभु-ईश्वर, ऊपर प्रजापति तथा अध:प्रदेश में अनन्त देवता हमारी रक्षा करें ।।११-१३।।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-G

राजद्वारे श्मशाने च अरण्ये प्रान्तरे तथा।
जले स्थले चाऽन्तरिक्षे शत्रूणां निबहे तथा ।।१४।।
एताभिः सहिता देवी चतुर्बीजा महेश्वरी।
प्रत्यङ्गिरा महाशक्तिः सर्वत्र मां सदाऽवतु ।।१५।।
